केस स्टडी-24/2024

जारी तिथि : 28.10.2024

घटनाक्रम:- CR रेल्वे के मुम्बई डिवीजन में दिनांक 23.10.2024 को लोको क्र. 40416+40574/WDP-4/PA, ट्रेन क्र. 01436 DN (LTT-SUR H/SPL), लोड: 19B, BPC: 100%, सेक्शन: DIVA-NLJE, गाड़ी कार्य करते समय दिवा (DW) स्टेशन का स्टार्टर सिग्नल को एक पीला की स्थिति में पार किया, गाड़ी की गति 17 Kmph थी, कर्मीदल सतर्कता आदेश संबन्धित कुछ बातें करने में लग गए और भूल गए कि वे एक पीला सिग्नल को पार करके आए हैं, लोको पायलट ने गाड़ी कि गति 56 Kmph तक बढ़ा दी,जबकि दातिवली स्टेशन (DTCC) सिग्नल S-5 ऑन था, जो कर्वेचर में होने की वजह से दृश्यता दूरी केवल 217 मीटर थी। लोको पायलट ने सिग्नल से 116 मीटर पहले इमेर्जेंसी ब्रेक लगाया, गाड़ी सिग्नल को 39 Kmph की गति से ऑन स्थिति में पार करके लगभग 59 मीटर बाद खड़ी हुई (समय: 13.33 बजे)।



SPAD CASE
Diva Station (42.46 KM)

संभावित कारण:-

- CMS ऑपरेटर/लॉबी कर्मीदल नियंत्रक द्वारा गलत रूट सेलेक्ट करके कर्मीदल का TA बनाकर साइन ऑन करवाना, क्योंकि कर्मीदल का उस रूट का रोड लर्निंग ड्यू हो गया था।
- डिसटेंट सिग्नल एक पीला मिलने पर भी गाड़ी की गति को कंट्रोल न करना।
- LP/ALP द्वारा भी गलत रूट सेलेक्ट करके साइन ऑन करना व बिना LR के गाड़ी कार्य करना।
- गाड़ी कार्य करते समय सिग्नल संकेत पर ध्यान केंद्रित न कर, दूसरे बातों को ज्यादा महत्व देना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ सभी मार्गों को CMS में मैप किया जाना चाहिए।
- ✓ TA जारी करते समय उचित मार्ग का चयन किया जाना चाहिए ताकि LR ड्यू कर्मीदल को काम करने के लिए बुक न किया जा सके।
- ✓ CCCOR नियमित रूप से CMS के माध्यम से LR की स्थिति की जांच करेंगे और तदनुसार LR ड्यू कर्मीदलों को LRD के लिए बुक करेंगे।
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान अन्य किसी कार्य में व्यस्त ना हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत पर रखें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर ट्रेन की गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण में रखें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है।
- ✓ जिस स्टेशन/सेक्शन/यार्ड में काम करना है, उसका पूर्ण LR होना सुनिश्चित करें।

नोट: केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।